कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि. /विविध/2025/1566 भिलाई, दिनांक 20.11.25

//आदेश//

कार्यालयीन आदेश क्रमांक/एफ–/1/सा.प्र.वि./2025/218 दिनांक 07.02.2025 के द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रं. 17 वृन्दा नगर, अर्जुन नगर, स्टील नगर शिव मंदिर के पीछे नाली निर्माण कार्य की नस्ती नोटशीट पृष्ठ क्रमांक 31 के अनुसार निर्माण एन्जेसी को कार्य पूर्णतः में विलम्ब होने के कारण पैनाल्टी 3% के साथ समयवृद्धि सक्षम स्तर पर स्वीकृति प्रदान किया गया है जिसमें की समयवृद्धि हेतु अर्थदण्ड 3% में हेर–फेर करते हुए 0.3% अर्थदण्ड लेख किया गया है तथा नोटशीट पृष्ठ क्रमांक 34 पर भी कॉट–छॉट किया गया है इस संबंध में श्रीमती अपर्णा क्षीरसागर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का जवाब संतोषप्रद नही होने के कारण उनका आगामी एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया है।

कार्यालयीन पत्र क्रं. 719 दिनांक 25.04.2025 एवं क्रं. 1027 दिनांक 31.07.2025 के संदर्भ में मुख्य अभियंता नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 29 दिनांक 26.09.2025 के माध्यम से प्रस्तुत जांच रिपोर्ट अनुसार नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रं. 17 वृन्दा नगर, अर्जुन नगर, स्टील नगर शिव मंदिर के पीछे नाली निर्माण कार्य में संबंधित एजेन्सी को अधिक से अधिक 6% अर्थदण्ड लगाये जाने तथा श्रीमती अपर्णा क्षीरसागर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को दोषमुक्त किये जाने के दिये गये रिपोर्ट के आधार पर उनका आगामी वार्षिक वेतनवृद्धि रोके जाने संबंधी कार्यालयीन आदेश क्रमांक/एफ–/1/सा.प्र.वि./2025/218 दिनांक 07.02.2025 को निरस्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2025/1567 भिलाई, दिनांक 20.11.25

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता I/II, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. जोन आयुक्त जोन क्रं. 2 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
10. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
11. श्रीमती अपर्णा क्षीरसागर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई